**भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA**
**रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS**
**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 01.10.2024

# आरेडिका में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

भारतीय रेलवे ने स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता' थीम के तहत 'स्वच्छता ही सेवा' 2024 अभियान की शुरुआत की है। इसी संदर्भ में आरेडिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मंगलवार को आरेडिका के हॉकी स्टेडियम में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने **"एमसीएफ एसएचएस 2024"** की मानव श्रखला बनाकर स्वच्छता के महत्व का संदेश फैलाया।

स्वच्छता के कार्यकम में और मजबूती प्रदान करने के लिए स्काउट एवं गाइड टीम का दो दिवसीय जिला स्तरीय रैली सैंट्रल पार्क में आज प्रारम्भ हुई इसमें कैंप क्राफ्ट, ड्राइंग, मेहंदी, कुकिंग, वेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट रंगोली, गेम, कैंफ फायर, नुक्कड़ नाटक, डांस कंप्टीशन, कार्यक्रम किया गया साथ ही स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा सेंट्रल पार्क में मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया गया।

स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा 2 अक्टूबर को सर्व धर्म प्रार्थना किया जायेगा एवं उसके बाद महाप्रबन्धक प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता प्रोग्रम एवं उसके बाद स्वच्छता जागरूकता के लिए घर घर रैली के माध्यम से स्काउट एवं गाइड टीम के द्वारा अभियान किया जायेगा

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने स्वच्छता को सामुदायिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने सभी से नियमित रूप से स्वच्छता का पालन करने का आह्वान किया और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा 2 अक्टूबर को गॉधी जी 155वीं जयन्ती के अवसर सभी को साथ मिलकर 'स्वच्छ भारत दिवस' मनाने एवं श्रमदान कर स्वच्छता के इस मुहिम को सफल बनाने का आह्वान किया।

1 अक्टूबर को हुए स्काउट एवं गाइड के कार्यक्रम मे कामेश्वर पासवान मुख्य जिला आयुक्त एवं मुख्य सामाग्री प्रबंधक, एन.के. वर्मा जिला आयुक्त एवं डिप्टी सीएमई, एलबीसिंह मौर्या उप मुख्य इंजीनियर, अनिल कुमार श्रीवास्तव जनसंपर्क अधिकारी, अमित कुमार, एएक्सईएन, आदित्य प्रकाश जिला सचिव, श्रीमती शबीना बानो, जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

01/10/2024

**(अनिल कुमार श्रीवास्तव )**
**जनसंपर्क अधिकारी**